Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जिला जयपुर ग्रामीण में सहायक उप निरीक्षक पुलिस 5000/–रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथो गिरफ्तार।

जयपुर, 13.08.2025, बुधवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी चौकी विशेष अनुसंधान ईकाई, जयपुर द्वारा आज कार्यवाही करते हुये शंकर लाल मीणा सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना गोविन्दगढ जयपुर ग्रामीण को **5000/– रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमति स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि एसीबी चौकी एसआईयू को एक शिकायत इस आशय की मिली की पुलिस थाना गोविन्दगढ में जब्त गाडी को छोडने और परिवादिया के बेटे को गिरफ्तार नहीं करने की एवज में अनुसंधान अधिकारी शंकर लाल मीणा सहायक उप निरीक्षक द्वारा 5000/– रूपये की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी मुख्यालय के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री अनिल कयाल** के सुपरविजन में एस.आई.यू. के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप सारस्वत** के नेतृत्व में आज **पुलिस निरीक्षक श्री रघुवीर शरण** मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये शंकर लाल मीणा सहायक उप निरीक्षक पुलिस थाना गोविन्दगढ जयपुर ग्रामीण को **5000/– रूपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथो गिरफ्तार किया है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।